पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पी0जी0आई0 जाकर राम नरेश यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली

लखनऊः 11 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पी0जी0आई0) जाकर मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री राम नरेश यादव से भेंट की तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। राज्यपाल ने पी0जी0आई0 के चिकित्सकों से भी श्री यादव के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री राम नरेश यादव स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण गत कुछ दिनों से पी0जी0आई0 में भर्ती हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (326/18)